# महालनोबिस का दृष्टिकोण: भारत के बिग डेटा और AI चुनौतियों का हल

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस, प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस, बिग डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पद्म पुरस्कार, दूसरी पंचवर्षीय योजना, डिजिटल इंडिया, कौटिल्य का अर्थशास्त्र

## मेन्स के लिये:


भारत के बिग डेटा और AI चुनौतियों से निपटने के लिये महालनोबिस की अंतर्दृष्टि

## चर्चा में क्यों?

भारत के **'प्लान मैन'** के रूप में प्रसिद्ध **प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस** के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत में **29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस** मनाया गया।

- आज के समय में हम भारत को **बिग डेटा की चुनौतियों** और **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** की परिवर्तनकारी शक्ति से जूझते हुए देख सकते है, ऐसे में **महालनोबिस का दृष्टिकोण** और उनकी अंतर्दृष्टि भारत को इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने में मदद कर सकती है।

## प्रशांत चंद्र महालनोबिस के प्रमुख योगदान:



- **परिचय:**
    - **प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस एक प्रमुख वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद् थे जिन्होंने राष्ट्रीय विकास के लिये डेटा संग्रह, विश्लेषण तथा योजना निर्माण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।**
    - **उनका जन्म कलकत्ता (अब कोलकाता) में हुआ था।** उनके दादा गुरुचरण एक समाज सुधारक और **रवींद्रनाथ टैगोर के पिता देबेंद्रनाथ टैगोर के अनुयायी** थे।
- **प्रमुख योगदान:**
    - वर्ष 1931 में उन्होंने सांख्यिकी और संबंधित विषयों में अनुसंधान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलकत्ता में **भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI)** की स्थापना की थी।
        - उन्होंने वर्ष 1933 में पहली **भारतीय सांख्यिकीय पत्रिका 'सांख्य'** की भी स्थापना की थी।
    - वर्ष 1955 में उन्हें **प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू** द्वारा भारत के **योजना आयोग** के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।
        - उन्होंने **दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61)** में औद्योगीकरण और आर्थिक विकास के लिये भारत की रणनीति को डिज़ाइन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसे **गणितीय मॉडल के आधार पर महालनोबिस योजना के रूप में भी जाना** जाता है। इस योजना में भारी उद्योगों और पूंजीगत वस्तुओं पर बल दिया गया था।
    - इसके साथ ही **रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना** तथा उसे आकार देने में भागीदारी उनके **महत्त्वपूर्ण योगदान को उजागर** करती है।
        - **वर्ष 1968** में उन्हें **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।

## भारत के बिग डेटा और AI संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिये महालनोबिस दृष्टिकोण क्या अंतर्दृष्टि प्रदान करता है?

- **AI और महालनोबिस प्रभाव को विनियमित करना:**
    - चूँकि AI नौकरी विस्थापन, गलत सूचना के प्रसार और अन्य **नैतिक चिंताओं** जैसी चुनौतियाँ पेश करता है, इसलिये इसके विनियमन के लिये वैश्विक दबाव है।
    - डेटा अखंडता सुनिश्चित करने में महालनोबिस की दूरदर्शिता **उनके सर्वेक्षणों में अंतर्निहित क्रॉस-चेक के प्रावधान से देखी जाती है, जो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से प्रेरित थे।**
    - महालनोबिस दृष्टिकोण हमें **AI एल्गोरिदम में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने, कठोर डेटा प्री-प्रोसेसिंग के महत्त्व** की याद दिलाता है।
        - उदाहरण के लिये **भर्ती प्रक्रियाओं में AI की तैनाती करते समय सभी उम्मीदवारों के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु पूर्वाग्रहों का आकलन करना और उन्हें कम करना महत्त्वपूर्ण है।**
    - महालनोबिस दृष्टिकोण ज़िम्मेदार और समावेशी AI सिस्टम के सृजन हेतु ऐसी चुनौतियों का सामना करने और संबोधित करने की आवश्यकता पर ज़ोर देता है।
- **अनेक डेटा स्रोतों का एकीकरण:**
    - महालनोबिस ने **अर्थव्यवस्था और समाज का समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिये विविध डेटा स्रोतों को एकीकृत** करने की वकालत की।
    - बिग डेटा और AI के संदर्भ में इसका तात्पर्य **संरचित और गैर-संरचित डेटा, सोशल मीडिया फीड, सैटेलाइट इमेजरी तथा सेंसर डेटा सहित विभिन्न डेटा** प्रवाह को शामिल करना है।
        - इस तरह का एकीकरण व्यापक विश्लेषण की सुविधा प्रदान कर सकता है और नवीन अनुप्रयोगों को सक्षम कर सकता है।
        - उदाहरणतः **कृषि क्षेत्र हेतु मौसम संबंधी डेटा, उपग्रह इमेजरी और किसान-जनित डेटा का संयोजन फसल स्वास्थ्य, कीट प्रकोप तथा इष्टतम सिंचाई प्रथाओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है।**
    - यह दृष्टिकोण सटीक कृषि, फसल की पैदावार और किसानों की आजीविका में सुधार जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित समाधानों के विकास को सक्षम बनाता है।

## सांख्यिकीय मॉडल का महत्त्व:

- महालनोबिस ने सार्थक निष्कर्ष और पूर्वानुमान हेतु सांख्यिकीय मॉडल के महत्त्व पर ज़ोर दिया।
- बिग डेटा और **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** के युग में उन्नत **मशीन लर्निंग एल्गोरिदम** और पूर्वानुमानित मॉडलिंग तकनीक विशाल डेटासेट का विश्लेषण करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- इन मॉडलों को स्वास्थ्य देखभाल, वित्त और शहरी नियोजन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नियोजित किया जा सकता है।
- उदाहरण के लिये स्वास्थ्य देखभाल डेटा पर **पूर्वानुमानित मॉडल** लागू करके नीति निर्माता जनसंख्या स्वास्थ्य प्रवृत्ति की पहचान कर सकते हैं, बीमारी के प्रकोप का पूर्वानुमान लगा सकते हैं और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित कर सकते हैं।
    - यह दृष्टिकोण साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और सक्रिय हस्तक्षेप की सुविधा प्रदान करता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)**

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट-से-स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में भारी उद्योगों पर कम और बुनियादी ढाँचे पर अधिक ज़ोर देने के साथ औद्योगिकीकरण के पैटर्न में बदलाव शुरू हुआ: (2010)**

(a) चतुर्थ योजना
(b) छठी योजना
(c) आठवीं योजना
(d) दसवीं योजना

**उत्तर: (b)**

**स्रोत: द हिंदू**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahalanobis-s-approach-addressing-india-s-big-data-and-ai-challenges